NBT
नवभारत टाइम्स

बच्चों ने हवन कर मनाया चिल्ड्रेंस डे

सेक्टर-46 के केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

■एनबीटी न्यूज, गुड़गांव

सिटी में बाल दिवस के मौके पर कई स्कूलों में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कहीं पर बच्चों ने पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए हवन किया, तो कहीं तरह-तरह की प्रतियोगिताएं हुईं। गुड़गांव के केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में बाल दिवस का आयोजन किया गया। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की याद में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए हवन किया। इसके बाद फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने मधुर गीतों के जरिए जीवन में आने वाली रुकावटों से निकलने की राह बताई। केआईआईटी ने कक्षा 5 से 7 के बच्चों के लिए खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों को बाल दिवस के महत्व के बारे में बताया गया।

उधर, वाटिका बिजनेस सेंटर की स्माइल फाउंडेशन ने जरूरतमंद बच्चों को लिए फंड रेजिंग ड्राइव का आयोजन किया। इस फंड से जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देने की पहल की जाएगी। गुड़गांव की वाटिका बिजनेस सेंटर और क्लाइंट्स ने स्माइल फाउंडेशन के साथ बच्चों के लिए खेल और केक कटिंग समारोह का आयोजन किया। बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से संदेश दिए, जो समाज के लिए एक अच्छा संकेत है।